# वार्षिक प्रतिवेदन 2023-2024

महाविद्यालय इतिहास- शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा, श्रीमती गीता भुक्कल तत्कालीन शिक्षा मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद लोक सभा रोहतक, श्री जितेंद्र मलिक सांसद, लोकसभा सोनीपत, श्री राव दान सिंह, तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा व श्री जयवीर सिंह तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 3 फरवरी, 2013 रविवार को संपन्न हुआ।

## भवन निर्माण

उन्नतशील शिक्षा समिति खरखोदा की देखरेख में महाविद्यालय की दो मंजिला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, कार्यालय, दो लघु सेमिनार कक्ष, शिक्षण कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, विशाल बहुउद्देशीय कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, दो भूगोल लैब, दो मनोविज्ञान लैब, एक रक्षा अध्ययन लैब, एक स्मार्ट कक्ष, व छात्र-छात्राओं के कॉमन रूम सहित कुल 22 कमरे हैं।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे महाविद्यालय में 21 प्राध्यापक नियमित एवं 2 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत है। महाविद्यालय में 2 लिपिक, एक लैब अटेंडेंट, एक सुख सहायक, दो सफाई कर्मचारी, एक माली, तीन चौकीदार, एक रेस्टोरर अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए एक कंप्यूटर अनुदेशक व एक लैब अटेंडेंट अनुबंध पर नियुक्त है।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

इस सत्र में विद्यार्थियों की कुल संख्या 835 है। इनमें से 307 विद्यार्थी कला संकाय पास कोर्स प्रथम वर्ष, 261 विद्यार्थी बी.ए. द्वितीय वर्ष व 205 विद्यार्थी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा 12 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय बीकॉम प्रथम वर्ष, 19 विद्यार्थी बीकॉम द्वितीय वर्ष व 11 विद्यार्थी बीकॉम तृतीय वर्ष में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

वार्षिक परीक्षा देने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की संख्या कोर्स अनुसार - बी.ए. तृतीय वर्ष -205 व बी.कॉम. तृतीय वर्ष - 11 छात्रों ने परीक्षा दी।

महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा डिप्लोमा के अंतर्गत 16 छात्र व डिफेंस जर्नलिज्म में 4 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता एवं छात्रवृत्ति

उत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा समय पर राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योग्यता पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति से संबंधित विकलांग तथा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विशेष उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति तथा बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) तीनों वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कंसोलिडेटेड स्टीपेंड स्कीम घोषित की गई है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष महाविद्यालय के अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों को 2000 रूपये प्रति छात्र पुस्तकों के लिए तथा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से प्रति छात्र को वजीफ़ा राशि वितरित की जा रही है।

पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को सरकार की तरफ से आधार नंबर के माध्यम से ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है।

छात्राएं अंडर ग्रेजुएट मेरिट छात्रवृत्ति के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त राशि – 12वीं कक्षा में टॉपर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त सात छात्राओं को प्रति छात्रा 3000 रूपये छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

मेरिट प्रोत्साहन छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई राशि को बी.ए., बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 5000, 3000, व 2000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

EARN WHILE YOU LEARN के अंतर्गत इस वर्ष 12 विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, भूगोल लैब, मनोविज्ञान लैब, रक्षा अध्ययन व कंप्यूटर लैब में कार्य करने के लिए सरकार के आदेशों के अनुरूप प्रति घंटा सौ रूपये प्रदान किए गए।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्

आपको जानकर बहुत ख़ुशी होगी कि अपने महाविद्यालय को 14-15 फ़रवरी, 2023 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय का सर्वेक्षण किया गया और सर्वेक्षण के पश्चात महाविद्यालय को B++ ग्रेड प्राप्त हुआ जोकि ग्रामीण अंचल में स्थित महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं के लिए महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम पर दस दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर और विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन।

## यूथ रेड क्रॉस

महाविद्यालय में 16 सितंबर, 2023 को महाविद्यालय में दंत स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के छात्र 30 सितंबर, 2023 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में शामिल हुए ।

महाविद्यालय के छात्रों ने 20 अक्तूबर, 2023 को जीवीएम में नोडल अधिकारी एवं पीयर एजुकेटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्रों ने 27 नवंबर से 10 दिसंबर, 2023 तक विश्व एड्स दिवस समारोह के दौरान नारा लेखन, पोस्टर निर्माण और मानव श्रृंखला जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के छात्रों ने जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत द्वारा 1 से 6 मार्च, 2024 को आयोजित 5 दिवसीय जिला स्तरीय वाईआरसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्रों ने वाईआरसी सेल के तहत 18 मार्च, 2024 को आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्लेसमेंट सेल

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा 29 सितंबर, 2023 को एसबीआई लाइफ के सहयोग से 'करियर ऑपच्युरुनिटीज' विषय आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

20 जनवरी, 2024 को प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने बेयापुर स्थित नेचुरल फॉर्म का दौरा किया जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति बागवानी, सिंचाई ,सोलर ऊर्जा, खाद बनाना व आधुनिक मशीनों की तकनीक सीख कर अपने ज्ञान में वृद्धि की।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा 15 से 24 जनवरी, 2024 तक सात दिवसीय 30 घंटे का 'एंटरप्रेन्योरशिप एंड अनइंप्लॉयमेंट' विषय आधारित वर्कशॉप करवाई गई।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने 31 जनवरी, 2024 को पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित प्लेसमेंट फेयर में 11 विद्यार्थियों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया।

3 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा महाविद्यालय में प्लेसमेंट फेयर का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

16 सितंबर, 2023 को महाविद्यालय के एन.एस.एस प्रभाग द्वारा एक दिवसीय निशुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के 20 एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 1 अक्टूबर, 2023 को पी ओ के साथ एमडीयू रोहतक में स्वच्छता पखवाड़े में भाग लिया।

महाविद्यालय की एन.एस.एस स्वयंसेवक नीशू ने 5 से 11 जनवरी, 2024 तक ईटानगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया।

महाविद्यालय की एन.एस.एस छात्रा तनु ने धनाचोली में आयोजित होने वाले सात दिवसीय वाईएलटीसी शिविर में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्रों ने 23 फरवरी, 2024 को एक दिवसीय शिविर के आयोजन के अवसर पर वृक्षारोपण करने के साथ-साथ, हर्बल पार्क, एन.एस.एस पार्क के रखरखाव आदि में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

महाविद्यालय में 29 फरवरी से 6 मार्च, 2024 तक सात दिवसीय एन.एस.एस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवकों के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई।

13 मार्च, 2024 को एन.एस.एस के दो स्वयंसेवकों ने वृद्ध आश्रम और कुष्ठ आश्रम का दौरा किया।

15 से 23 मार्च, 2024 को महाविद्यालय की एन.एस.एस छात्रा कविता ने मनाली में आयोजित सात दिवसीय वाईएलटीसी शिविर में भाग लिया।

22 मार्च, 2024 को 'विश्व जल संरक्षण दिवस' के अवसर पर एक दिवसीय एन.एस.एस शिविर का आयोजन किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

महाविद्यालय में 6-7 अक्तूबर, 2023 को दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस के अवसर पर कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दूसरे दिवस के अवसर पर नृत्य, गायन व हस्तकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया विभिन्न विद्यार्थियों ने इन सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 28 से 31 अक्टूबर, 2023 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में संपन्न रत्नावली कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें विद्यार्थियों ने रागनी, गायन, सांझी बनाना, पीढा भरने, बोहिया बनाने, फुलझड़ी, बिंद्रावल बनाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार जीते।

29 से 31 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रोहतक के गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में आयोजित यूथ फेस्टिवल में भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मेहंदी लगाना, रंगोली बनाना, वाद-विवाद तथा पोस्टर मेकिंग इत्यादि में प्रतिभागिता की।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 20-21 नवंबर, 2023 को मुरथल विश्वविद्यालय में आयोजित यूथ फेस्टिवल में सोलो सॉन्ग, भाषण प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा फेस्टिवल में सुधीर ने सोलो गायन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय में 8 दिसंबर, 2023 को वोटर कार्ड बनवाने हेतु विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया, इस कैंप का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी की ओर से बीएलओ जयवीर सिंह, बीएलओ श्रीमती राजबाला, तथा बीएलओ श्रीमती बबीता ने विद्यार्थियों को वोटर कार्ड बनवाने का प्रशिक्षण दिया।

महाविद्यालय में 25 जनवरी, 2024 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में 5 फरवरी, 2024 को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रस तरंगिणी का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत प्रथम दिन- कविता पाठ तथा विभिन्न कला व हस्तशिल्प गतिविधियों का आयोजन किया गया कार्यक्रम के द्वितीय दिन विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक व माइम जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने 13 फरवरी, 2024 को राजकीय महाविद्यालय छारा द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई।

## आर.टी.आई

महाविद्यालय में आरटीआई एक्ट 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती किरण सरोहा सूचना अधिकारी एवं श्री संदीप सूचना क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रथम अपीलीय अधिकारी श्रीमती किरन सरोहा है।

## विधि साक्षरता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा 1 से 8 सितंबर, 2023 तक साक्षरता सप्ताह आयोजित किया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, आदित्य एल वन का सीधा प्रसारण आदि गतिविधियां आयोजित की गई।

महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा 19 अप्रैल, 2024 को महाविद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया जिसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन प्रतियोगिता, कहानी लेखन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में 26 अप्रेल, 2024 को ताऊ देवी लाल महिला राजकीय महाविद्यालय मुरथल में प्रतिभागिता की।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय विद्यार्थी तथा शिक्षकों के ज्ञानार्जन व आत्मविश्वास का सर्वोत्तम स्थान है। इसके महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय को वातानुकूलित रखने के लिए एयर कंडीशनर व त्वरित सूचना प्राप्ति के लिए इंटरनेट व कम्प्यूटर की सुविधा से युक्त किया गया है। जिसमें एक समय में लगभग 80 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 4962 पुस्तकें हैं। आधुनिक युग प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा का युग है। इस ध्येय को सामने रखते हुए समसामयिक घटनाओं की जानकारी व सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिंदी में 10 समाचारपत्र, 6 पत्रिकाएं तथा ई जनरल - 6000 थ्रू एन लिस्ट उपलब्ध हैं।

## कंप्यूटर शिक्षा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब व एक लैंग्वेज लैब स्थापित है। कंप्यूटर लैब में 10 तथा लैंग्वेज लैब में 26 कंप्यूटर है। लैंग्वेज लैब में इंटरनेट सुविधा है। एमडीयू के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। श्री राजेश कुमार कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को थ्योरी व प्रैक्टिकल देना अनिवार्य है। जिसके उपरांत A+ से D तक ग्रेडिंग भी जाती है। हमारे पास एक लैब में प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है।

## आउटरीच

महाविद्यालय के आउटरीच कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### कौशल विकास केंद्र की स्थापना

महाविद्यालय में 3 अगस्त, 2023 को अजीत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से विकास कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की तकनीकी कौशल सिखाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी और उनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

### तकनीक की महता

20 जनवरी, 2024 को प्लेसमेंट सेल द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम में सहयोग करते हुए आउटरीच के अंतर्गत 30 विद्यार्थियों ने बेयापुर स्थित नेचुरल फॉर्म का दौरा किया जिसमें विद्यार्थियों ने प्रकृति बागवानी, सिंचाई ,सोलर ऊर्जा, खाद बनाना व आधुनिक मशीनों की तकनीक सीख कर अपना ज्ञानवर्धन किया।

### प्रशिक्षण कार्यशाला

14 मार्च, 2024 को महाविद्यालय के कौशल विकास केंद्र में सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया जिसमें महाविद्यालय ने गोद लिए गए पीपली गांव की महिलाओं को कौशल विकास केंद्र के तहत चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला में भागीदारी का अवसर प्रदान किया गया।

### कार्यशाला

राजकीय महाविद्यालय खरखौदा के आउटरीच के 11 स्वयंसेवक एवं श्रीमती गीता शर्मा, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान ने कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती किरण सरोहा के सहयोग से महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया व अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

श्री मेहताब सिंह महाविद्यालय की IQAC कमेटी में मेम्बर है और समय-समय पर महाविद्यालय विकास कार्यों में मदद करते है।

स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस और शहीद दलबीर सिंह की पुण्यतिथि के अवसर ग्रामवासी महाविद्यालय परिवार के साथ सम्मिलित होते है।

भविष्य की योजनाएँ:-

गाँव पिपली में जाकर विद्यार्थियों द्वारा ग्राम वासियों से हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण लिया जाएगा।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में महाविद्यालय पिपली गाँव के छोटे बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन करेगा, जिसमें बच्चों को विभिन्न कलाएं सिखाई जाएगी जैसे चित्रकला आदि।

नाटक के माध्यम से शहीदों के सम्मान और राष्ट्र प्रेम को जागृत करने प्रयास किया जाएगा।

## विभागीय गतिविधियां

### हिंदी विभाग

महाविद्यालय के हिंदी विभाग ने 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया।

21 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### अंग्रेजी विभाग

महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों को वाचन कौशल में निपुणता प्रदान करने हेतु 30 घंटे का मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

### मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग द्वारा 20 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस मनाया गया।

### इतिहास विभाग

इतिहास विभाग द्वारा 15 मार्च, 2024 को हसन खान मेवाती शहीदी दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग द्वारा 26 फरवरी, 2024 को विस्तार व्याख्यान का आयोजन कराया गया जिसमें गैर सरकारी संगठन के संचालक और समाजसेवी साहिल गांधी ने स्टार्टअप का परिचय देते हुए उसके विभिन्न रूपों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

### गणित विभाग

महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा 14 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर कॉलेज स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

### भूगोल विभाग

भूगोल विभाग द्वारा "जल संरक्षण" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा भूसूचना एवं सुदूर संवेदन: अनुप्रयोग एवं कैरियर अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजनकिया गया।

**राजनीति विज्ञान विभाग**

महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा 9 मार्च, 2024 को 'साम्यवाद वर्सेस पूंजीवाद' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 6 अप्रैल, 2024 को आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन पर विद्यार्थियों को प्रेरणादाई फिल्म दिखाई गई।

राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा 18 अप्रैल, 2024 को 'मेरा वोट अधिकार भी, कर्तव्य भी' विषय आधारित निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**शारीरिक शिक्षा विभाग**

महाविद्यालय की छात्रा खुशी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 30 सितंबर से 30 अक्टूबर, 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र राहुल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 11 अक्टूबर से 11 नवंबर 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित जूडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र कपिल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 14 अक्टूबर से 14 नवंबर, 2023 को अंतिम महाविद्यालय स्तर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र आर्यन ने 19 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र आर्य ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 19 अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र रिंकू ने 30 अक्तूबर से 6 नवंबर, 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्र सागर ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा 19-20 नवंबर, 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित मुक्केबाजी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र सुमित ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा 8 से 11 दिसंबर, 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र पुष्प ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 11 दिसंबर, 2023 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्र रॉबिन खींची ने 26 से 29 दिसंबर, 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्र मयंक वर्मा ने 27 दिसंबर से 1 जनवरी, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित निशानेबाजी प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्र सुमित ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 7 से 14 जनवरी, 2024 को अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र सौरव ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 21 से 22 जनवरी, 2024 को अंतर महाविद्यालय स्तर पर आयोजित मार्शल आर्ट 8 प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सत्र 2023-24 के लिए महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता दिनांक 2 फरवरी, 2024 को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी श्री सुधीर लाठ ने शिरकत की व विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### अर्थशास्त्र विभाग

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 4 मार्च, 2024 को 'इंपैक्ट ऑफ़ ग्लोबलाइजेशन ऑन इंडियन इकोनामी' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

### रक्षा अध्ययन विभाग

महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को वायु सेवा दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा 4 दिसंबर, 2023 को जल सेना दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा 15 जनवरी, 2024 को पैदल सेना दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय के 52 विद्यार्थियों ने हरियाणा की सैन्य विरासत पर आयोजित प्रदर्शनी के अवलोकन के लिए दिनांक 6 फरवरी, 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर में भ्रमण किया।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

### श्रीमती प्रियंका, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग

आपका शोध पत्र "गहनों की खरीदारी के प्रति उपभोक्ता व्यवहार - रोहतक शहर के संदर्भ में" रवींद्र भारती विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित आर्थिक जर्नल में प्रकाशित हुआ।

आपने 14 - 16 फरवरी, 2024 को डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, म.प्र. द्वारा आयोजित 'डायमेंशन्स ऑफ अकाउंटिंग' नाम आधारित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "गहनों की

खरीदारी के संबंध में उपभोक्ता व्यवहार - एक वर्णनात्मक विश्लेषण" विषय आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपके द्वारा "स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय योजना और बजट प्रबंधन" शीर्षक नाम से एक अध्याय '21वीं सदी में उद्यमिता: विभिन्न विषयों में अवसरों और चुनौतियों का सामना' शीर्षक नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्रीमती किरण चौहान, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग**

आपने 24-25 फरवरी, 2024 को वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 13-14 मार्च, 2024 को आर्य पी.जी कॉलेज, पानीपत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 4 मई, 2024 को कॉलेज में ''एनईपी कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण क्षेत्र'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

आपके द्वारा "हरित मानव संसाधन प्रबंधन के माध्यम से सतत विकास को आगे बढ़ाना" शीर्षक नाम से एक अध्याय 'टेक्नोलॉजिकल एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट: नीड ऑफ द आवर' शीर्षक नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

**श्रीमती मधुलता, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग**

आपने 18 मार्च, 2024 राजकीय महाविद्यालय भट्टू कलां द्वारा आयोजित डीजीएचई द्वारा प्रायोजित स्टार्ट-अप पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया।

आपको एशियन जर्नल ऑफ एजुकेशन एंड सोशल स्टडीज इंडेक्सिंग एब्सको प्रोक्वेस्ट कोपरनिकस गूगल स्कॉलर जर्नल की गुणवत्ता में उत्कृष्ट योगदान के लिए उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्री प्रदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग**

आपने 5 सितंबर, 2023 राजकीय महाविद्यालय भैंसवाल कलां में आयोजित साक्षरता सप्ताह समारोह के अंतर्गत विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने 29 सितंबर, 2023 को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय मोखरा (रोहतक) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'हिंदी साहित्य में ग्रामीण जीवन एवं विकास की अवधारणा' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय मोखरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ कीर्ति खत्री, सहायक प्राध्यापिका, हिंदी विभाग**

आपने 'फौजी कवि मेहर सिंह' शीर्षक नाम से एक अध्याय 'अदभुत भारत' शीर्षक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

आपके द्वारा 'भारत में राजभाषा हिंदी की स्थिति' शीर्षक नाम से एक अध्याय 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी' शीर्षक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

29 सितंबर, 2023 को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में '21वीं सदी का एक भारत :श्रेष्ठ भारत' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय मोखरा रोहतक में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'प्रेमचंद युगीन साहित्य में ग्रामीण जीवन' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ बीना रानी, सहायक प्राध्यापिका, हिन्दी**

आपने 2 फरवरी, 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय जसौर खेड़ी में प्लेसमेंट सेल द्वारा निर्धारित विषय 'साक्षात्कार के समय व्यक्तित्व का विकास' पर विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्रीमती नमिता रानी, सहायक प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग**

आपने 3 से 12 जून 2024 की अवधि में केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ द्वारा आयोजित 'नई शिक्षा नीति - 2020' आधारित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ रजनीश, सहायक प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग**

आपने 27 नवम्बर से 1 दिसम्बर, 2023 तक प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय से आधुनिक साहित्यिक सिद्धांत: रुझान और प्रभाव विषय आधारित 5 दिवसीय लघु अवधि पीडीपी में भाग लिया।

आपने 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय महिला महाविद्यालय, मोखरा, रोहतक द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'अमिताव घोष द्वारा ग्रामीण जीवन का प्रतिनिधित्व शीर्षक से शोधपत्र - द हंग्री टाइड' शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

आपने 2 फरवरी, 2024 को कन्या महाविद्यालय खरखौदा द्वारा आयोजित "समकालीन युग में छात्रों के लिए एक पूर्वापेक्षा-सॉफ्ट स्किल्स" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

आपके द्वारा "मंजिमा चटर्जी और नील चौधरी के नाटकों में सामाजिक संवेदनशीलता" शीर्षक से एक शोध पत्र मानविकी और सामाजिक विज्ञान जर्नल, आईएसएसएन 2319-829X, खंड 12 (2), संख्या 2, 2023 में प्रकाशित हुआ।

आपने 20 से 27 फ़रवरी, 2024 तक अंग्रेजी विभाग, पीपीजी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कोयंबटूर द्वारा आयोजित "यात्रा लेखन में संस्कृति विविधता की खोज" शीर्षक से सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के वर्चुअल फैकल्टी विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

आपने 20 मार्च, 2024 को राजकीय पीजी कॉलेज नारायणगढ़, अंबाला के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित "एलजीबीटीक्यूआईए + साहित्य में सबटेक्स्ट: अंतर्संबंध और परिवर्तन" विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

आपने 'सॉफ्ट स्किल्स : समकालीन युग में छात्रों के लिए एक शर्त' विषय आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया ।

आपने महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में "भारत में महिलाओं के संपत्ति अधिकार" पर विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ रवीना, सहायक प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग**

आपने 21 फरवरी, 2024 में जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज सोनीपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'संघवाद एवं आर्थिक विकास: भारत के संदर्भ में' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**डॉ मनदीप कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग**

आपने 13 अक्टूबर, 2023 को गणित विभाग, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'ब्रेन बैलेंसिंग एंड हिप्नोसिस' विषय आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

आपने 10 जनवरी, 2024 को साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'प्राचीन काल में गणित का इतिहास' शीर्षक विषय आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 20 से 27 फरवरी, 2024 की अवधि में अंग्रेजी विभाग, पी पीजी कॉलेज आफ आर्ट्स एंड साइंस कोयंबटूर द्वारा आयोजित संस्कृतियों की खोज यात्रा लेखन में विविधता विषय आधारित 7 दिन की एफडीपी में भाग लिया।

आपने 1 मार्च, 2024 को गणित विभाग, गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हाडा मर्द मैनीफोल्ड इन इंटरएक्टिव एल्गोरिथम का विसरण एक समीक्षा' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

आपने महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में 'महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान दिया।

आपके द्वारा लिखित एक अध्याय 'रिसेंट डेवलपमेंट्स इन फिक्स्ड प्वाइंट थ्योरी' नामक पुस्तक में प्रकाशित हुआ।

**श्रीमती नीरा, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान**

आपने 21 फरवरी, 2024 में जी वी एम महाविद्यालय सोनीपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'भारतीय संघवाद' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्रीमती किरन सरोहा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, इतिहास विभाग**

आप हरियाणा हिस्ट्री कांग्रेस की आजीवन सदस्य है।

आपका शोधपत्र 30 अक्टूबर, 2023 को पियर रिव्यूड जनरल में 'हरियाणा में महिलाओं के खिलाफ अपराध : एक अध्ययन' शीर्षक से प्रकाशित हुआ।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ संगीता कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, भूगोल**

आपने सी.आर.ए. कॉलेज, सोनीपत द्वारा महलाना गांव में आयोजित एनएसएस सात दिवसीय शिविर में "पर्यावरणीय समस्याओं" पर विस्तार व्याख्यान दिया।

एसडीएस राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा में एक दिवसीय एनएसएस शिविर में "जल प्रबंधन" पर विस्तार व्याख्यान दिया।

राजकीय पीजी महिला महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित "स्थिरता और ईएसजी म्यूचुअल फंड: भारत में ईएसजी म्यूचुअल फंड के प्रदर्शन का मूल्यांकन" विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुत किया गया।

आपने 30 जनवरी से 12 फरवरी, 2024 की अवधि में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा आयोजित भूगोल में यूजीसी प्रायोजित ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

आपने जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत द्वारा आयोजित सतत विकास लक्ष्य-एक आलोचनात्मक विश्लेषण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुत किया गया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ योगेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन विभाग**

आप अकादमिक परिषद एम.डी. विश्वविद्यालय, रोहतक के सदस्य रहे।

आप रक्षा अध्ययन, यू.जी. विभाग में अध्ययन बोर्ड. रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग, एम.डी.यू., रोहतक के सदस्य रहे।

आपको रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग, एम.डी.यू., रोहतक में पीजी अध्ययन बोर्ड में एक्सपर्ट के रूप में आमंत्रित किया गया।

आपने एचआरडीसी, डीडीयू, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स पूरा किया।

आपने रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग, एल.एस.एम. पिथौरागढ़ परिसर, एस.एस.जे. विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) विभाग द्वारा 7-8 अक्टूबर, 2023 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोध पत्र (ऑनलाइन मोड) प्रस्तुत किया।

आपने 15-16 मार्च, 2024 को कश्मीर अध्ययन केंद्र और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोध पत्र (ऑनलाइन मोड) प्रस्तुत किया।

आपने 18-19 मार्च, 2024 को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक शोध पत्र (ऑनलाइन मोड) प्रस्तुत किया जाएगा।

आपने 'भारत-बांग्लादेश संबंधों में बाधाएं' नामक पुस्तक (जोकि ए.एस.आर. प्रकाशन, लखनऊ, द्वारा 2024 में प्रकाशित हुई..) में

निम्नलिखित कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को विकसित करने में सक्रिय रूप से योगदान दिया: -

- एनईपी 2020 के अनुसार एम.ए. रक्षा और सामरिक अध्ययन का पाठ्यक्रम।
- रक्षा पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा का पाठ्यक्रम।
- पाठ्यक्रम राष्ट्रीय और साइबर सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा।
- एनईपी 2020 के अनुसार यूजी रक्षा अध्ययन का पाठ्यक्रम

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ योगेश बाजवान, सहायक प्राध्यापिका, रक्षा अध्ययन विभाग**

आपने सितंबर, 2023 में एचआरडीसी डी.डी.यू. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा आयोजित दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया।

आपने 7-8 अक्टूबर, 2023 को रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग, अल्मोड़ा विश्वविद्यालय, उत्तराखंड द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 15-16 मार्च, 2024 को कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश, केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्री विनोद मलिक, सहायक प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन विभाग**

आपने 26 सितंबर, 2023 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और डीन छात्र कल्याण, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित भविष्य के विश्वविद्यालयों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

आपने 14 से 20 दिसंबर, 2023 की अवधि में प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय के रामानुजन कॉलेज में शिक्षण और शिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम 'ई-लर्निंग और ई-गवर्नेंस' में भाग लिया व ग्रेड ए+ प्राप्त किया।

9 जनवरी, 2024 को हरियाणा सांख्यिकी प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा निदेशालय, पंचकूला-हरियाणा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) के संबंध में कार्यशाला में भागीदारी की।

आपने 8 फरवरी, 2024 को महिला प्रकोष्ठ, राजकीय महाविद्यालय खरखौदा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में "लिंग संवेदनशीलता" पर विस्तार व्याख्यान दिया।

आपको 23 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय बड़ौदा में रक्षा क्षेत्र में प्लेसमेंट के अवसरों पर दो व्याख्यान देने के लिए सम्मानित किया गया।

आपने उच्च शिक्षा विभाग, पंचकुला और राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम द्वारा 27/02/2024 को प्रायोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में 'पहुंच से बाहर के क्षेत्रों में शिक्षा की संरचनात्मक चुनौतियाँ' शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा 15- 16 मार्च, 2024 को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'गिलगित बाल्टिस्तान में संघर्ष और मानवाधिकार उल्लंघन' शीर्षक से एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपको 19-20 मार्च, 2024 को NAAC पीयर टीम के दौरे में उत्कृष्ट कार्य के लिए सरकारी कॉलेज महम से प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ।

आपका शोध पत्र रवींद्र भारती पत्रिका में "भारत के परमाणु सिद्धांत को फिर से तैयार करना" शीर्षक से प्रकाशित हुआ।

आपने 4 मई, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में संकाय विकास केंद्र - एमएमटीटीसी द्वारा आयोजित "कॉलेजों में एनईपी कार्यान्वयन के प्रमुख क्षेत्रों" पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्रीमती रेखा, सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग**

आपने 1 मार्च से 6 मार्च, 2024 को जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत द्वारा आयोजित 5 दिवसीय जिला स्तरीय वाईआरसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

आपने 12 मार्च, 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना द्वारा आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान "मानसिक स्वास्थ्य का महत्व" पर विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने 22 अप्रैल से 1 मई, 2024 तक कुमाऊं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूजीसी के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एनईपी 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

आपने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में आयोजित एक दिवसीय "मिशन कर्मयोगी हरियाणा" प्रशिक्षण में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्रीमती गीता शर्मा, सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग**

आपने 4 से 10 अक्टूबर, 2023 को डीडीयू गोरखपुर आयोजित अनुसंधान पद्धति पर एक सप्ताह के ऑनलाइन लघु अवधि पाठ्यक्रम में भाग लिया।

आपने 10 से 11 जनवरी, 2024 को हिपा, गुरुग्राम द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी के रूप में मास्टर ट्रेनर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

आपने 19 फरवरी, 2024 को एमडीयू रोहतक द्वारा आयोजित "टिकाऊ जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण" पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**श्री दिनेश कुमार, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग**

आपने 22-23 फरवरी, 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पंचकूला द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में 'कंपैरेटिव स्टडी ऑफ़ इंटेलिजेंस लेवल ऑफ़ रैसलर्स और एथलीट्स' नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 26 जून, 2024 को डाइट सोनीपत द्वारा आयोजित हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण में भाग लिया।

**डॉ अनीता, सहायक प्राध्यापक, भूगोल**

आपने 14 मार्च, 2024 को जी वी एम महाविद्यालय सोनीपत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'सतत विकास का पहलू' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं**

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकताएं हैं। जो निम्न प्रकार है -

1 विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हमारे महाविद्यालय में पीने के पानी की कमी है।

2 विज्ञान की शिक्षा संपूर्ण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय होने से आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को या तो विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है या उससे वंचित रहना पड़ता है। हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आसपास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल सके।

3 मीडिया के बढ़ते हुए प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बैचलर ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन और पत्रकारिता के विभिन्न अंगों की शिक्षा को आरंभ करना भी महाविद्यालय की एक मुख्य आवश्यकता है।

4 महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सरल बनाने के लिए बस स्टॉप की आवश्यकता है।

अंत में निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय दिनोंदिन उच्च दिशा में प्रगति कर रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य **डॉ तराना नेगी** जी के कुशल निर्देशन में प्रगति पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय की प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण एवं गैर शिक्षण) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

धन्यवाद।

**डॉ तराना नेगी**

**प्राचार्य**

**एसडीएस राजकीय महाविद्यालय खरखोदा, सोनीपत**